Kanoria
PG Mahila
Mahavidyalaya
Jaipur

Date : 20-12-2023

प्रेस नोट

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय के अंग्रेज़ी विभाग द्वारा आयोजित 5वें वार्षिक दो दिवसीय (20–21 दिसम्बर, 2023) साहित्य महोत्सव सागा'23 का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर के प्रसिद्ध हृदयरोग विशेषज्ञ डॉ. गौतम सेन रहे। साहित्यिक कार्यक्रम की शुरुआत हर्षवर्धन चतुर्वेदी के निर्देशन में प्रस्तुत किए गए नाटक से हुई, जिसमें महाविद्यालय की 20 छात्राओं ने भाग लिया। समारोह में प्राचार्य डॉ सीमा अग्रवाल द्वारा स्वागत वक्तव्य एवं निदेशक डॉ रश्मि चतुर्वेदी द्वारा कार्यक्रम प्रारंभ करते हुए इस तरह के साहित्यिक कार्यक्रमों की महत्वता पर चर्चा की गई। कार्यक्रम संयोजक डॉ प्रीति शर्मा द्वारा इस साहित्यिक कार्यक्रम के विषय पर प्रकाश डाला गया। "साइंस फिक्शन" थीम पर आधारित इस दो दिवसीय लिटरेचर फैस्ट में प्रथम दिन आयोजित अंतर महाविद्यालय अंग्रेज़ी वाद–विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर राजस्थान स्कूल ऑफ लॉ फॉर वीमन की मित्सु चौधरी एवं द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर कानोड़िया कॉलेज की सानिया ज़मील एवं ऋषिका अग्रवाल रहीं। "फिफ्टी यियर्स ऑफ़ न्यूज़ पेपर फ्रॉम नाउ" प्रतियोगिता में कानोडिया कॉलेज की अवनी सिंह विजेता रहीं। परवाज़ (ओपन–माइक) प्रतियोगिता में राजस्थान कॉलेज के अक्षय शर्मा प्रथम, कानोड़िया कॉलेज की मुस्कान अवस्थी द्वितीय एवं महारानी कॉलेज की दिशा खण्डेलवाल तृतीय स्थान पर रहीं।

इस फैस्ट में शहर के विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम संचालन प्राध्यापिका ऋषिता शर्मा एवं विभाग की छात्राओं ने किया। कार्यक्रम के दूसरे दिन 21 दिसम्बर को क्विज़, ट्रेजर हंट, राइटिंग चैलेंज इत्यादि प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएंगीं।

सादर प्रकाशनार्थ